तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024

14 राइस मिलर्सों का कस्टम मिलिंग नीति का विरोध ..



13 बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पौष्टिक आहार





# लाटाबोड़ सोसाइटी में निर्धारित मात्रा से आधा किलो अधिक तौला जा रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत विधायक अनिला भेड़िया, विधायक संगीता सिन्हा ने मालीघोरी, पिरीद व लाटाबोड़ सोसाइटी केंद्र क निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने किसानों से बातचीत की।

लाटाबोड़ में निर्धारित मात्र से आधा किलो अधिक धान खरीदा जा रहा था। बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा की किसानों की समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दे ताकि वे बिना किसी रुकावट के अपनी उपज को बेच सके, संगीता सिन्हा ने बताया कि लाटाबोड़ में प्रत्येक कट्टे को 41.1 किलो तौला जा रहा था जबकि उन्हे 40.6 किलो लेना है अर्थात प्रत्येक कट्टा आधा किलो धान अतिरिक्त लिया जा रहा है। संगीता सिन्हा ने कहा समिति मे किसानों के लिए की गई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। विधायक ने सभी केन्द्रों को सख्त निर्देश दिये कि प्रत्येक बोरे का तौल 40 किलो 600 ग्राम सुनिश्चित किया जाय और किसानों के भुगतान में कोई देरी न हो। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष भोलाराम देशमुख, ब्लाक अध्यक्ष बालोद चंद्रेश हिरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष गुंडरदेही भोजराम साहू, ब्लाक अध्यक्ष डॉडी लोहारा प्रजापति विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, रोहित सागर सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### विधायक अनिला व संगीता ने मालीघोरी, पिरीद व लाटाबोड़ सोसाइटी केंद्र का निरीक्षण किया





## खबर संक्षेप

### युवा कांग्रेस ने 6 मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के 6 मुद्दों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें धान खरीदी, बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ते अपराध, नशा खोरी, स्थानीय युवाओं को रोजगार जैसे अन्य मुद्दे अंकित थे। इसी क्रम में बालोद जिला युवा कांग्रेस ने 13 दिसंबर को होने वाले कलेक्टोरेट घेराव को लेकर आह्वान भी किया है। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के निर्देश पर बालोद जिला युवा कांग्रेस प्रशांत बोकड़े एवं बालोद विधानसभा के अध्यक्ष संदीप साहू के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन कार्यक्रम में जिला युवा कांग्रेस के महासचिव आंचल साहू, जिला महासचिव कुलदीप साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष दीपक शानू पाल, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहनिश पारकर, फरहान खान, शावेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, रोशन सोनवानी, सुनील साहू एवं अन्य युवा कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।

### बालोद की बाक्सर दिल्ली में दिखा रही हुनर

**अंडा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई की कक्षा 9वीं की काव्य साहू 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल 6 से 15 दिसम्बर तक मुक्केबाजी में 17 वर्ष बालिका-42 किलो में छत्तीसगढ़ के लिये प्रतिनिधित्व कर रही है। वह पहली बार राष्ट्री प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखायेगी। यह बालोद जिला के लिए गौरव की बात है कि जिले से बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी निकल रही है। प्राचार्य के लता वेणुगोपाल ने बच्चों को खेल के प्रति हमेशा प्रोत्साहन करती है। साथ ही कोच पीटीआई योगेंद्र यादव खिलाड़ियों को मदद करते हैं। संस्था के शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कल

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत भरदाखुर्द में 8 दिसंबर को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण व विधायक दुर्ग ललित चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरा, जनपद सदस्य निर्मला साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सरपंच राजकुमारी साहू, पूर्व सरपंच कमलाकांत सिन्हा व पंचगण रहेंगे।

### साहू संघ का परिचय सम्मेलन कल

**बालोद।** जिला साहू संघ बालोद द्वारा जिला स्तरीय युवक- युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 8 दिसंबर को साहू सदन दल्लीरोड़ जेल के सामने बालोद मे किया गया है। जिसमें 11 बजे भक्त माता कर्मा की आरती एवं ध्वजारोहण किया जाएगा। 12:30 बजे मुख्य अतिथियो का आगमन स्वागत एवं उद्बोधन होगा साथ ही परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष छग प्रदेश साहू संघ टहल सिंह साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद सोमन साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रमुख सलाहकार प्रदेश साहू संघ छग पवन साहू, महामंत्री प्रदेश साहू संघ छग हलधर साहू, उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग रमेश सोनवानी, पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही बिरेन्द्र साहू होंगे। कार्यक्रम में ▶▶| शेष पेज 12 पर

## विरोध

### राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण, एजेंसी ने पुलिस बुलाकर प्रारंभ करवाया कार्य

# टोलप्लाजा के लिए कृषि भूमि को नहीं देने पर अड़े किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में ग्राम जमही में निर्माणाधीन टोलप्लाजा में अपनी कृषि भूमि नहीं देने पर की मांग पर किसान अड़े हैं। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी व निर्माण एजेंसी पुलिस बल बुलाकर निर्माण कार्य चालू करने में लगे हैं। शुक्रवार 6 दिसंबर को निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में बंद पड़े निर्माण कार्य को प्रारंभ किया।

किसानों ने अपनी निजी कृषि भूमि में निर्माण कार्य नहीं करने देने पर एकजुट हैं। निर्माण एजेंसी के कर्मचारी ने बताया की शासन की जमीन पर ही निर्माण कार्य कर रहे हैं, किसानों की जमीन का अधिग्रहण की कार्रवाई हो गई है। निर्माण कार्य नहीं रुकने की बात कही, वहीं किसान संगठित होकर अपनी निजी कृषि भूमि पर किसी तरह का निर्माण कार्य नहीं होने की बात कह रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों व निर्माण एजेंसी द्वारा अनाधिकृत कृषि भूमि में अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया गया तो परिवार सहित अपने कृषि भूमि में बैठकर प्रदर्शन करने की बात कही। मिली जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा निर्माण में प्रभावित किसानों की बैठक ▶▶| शेष पेज 12 पर





### बाजार मूल्य गाइड लाइन से किसान भूमि नहीं देना चाहते

आदिवासी कृषकों ने कलेक्टर जनदर्शन में दिए गए आवेदन के संबंध में हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत पंचनामा अनुसार 12 अप्रैल 2023 को ग्राम पंचायत भवन अडजाल में मौके पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा आवेदक किसानों से चर्चा की, जिसमें किसानों द्वारा भूमि मांग, नौकरी एवं मुआवजा की बात रखी गई। लेकिन वर्तमान बाजार मूल्य गाइड लाइन के हिसाब से कृषक अपनी भूमि नहीं देना चाहते। अतः शासन स्तर पर वास्तविक बाजार मूल्य के हिसाब से कृषक की भूमि का मुआवजा देते हुए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की जाना उचित प्रतीत होता है। अतः किसानों द्वारा जनदर्शन में दिए आवेदन को विलोपित करने का उल्लेख है, किंतु किसानों ने उनके निजी कृषि भूमि में टोलप्लाजा निर्माण कार्य होने की बात कह रहे हैं। उक्त कृषकों के जमीन के समीप जोगीराम रावटे ने भी अपनी पैतृक कृषि भूमि को भी टोलप्लाजा निर्माण में ना देने की बात कही है।

### आदिवासियों का शोषण नहीं होने देंगे

ब्लॉक में आदिवासी किसानों की निजी कृषि भूमि बिना नोटिस दिए, उनके बिना सहमति नियम विरुद्ध अधिग्रहण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करना आदिवासियों का शोषण है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियम विरुद्ध जमीन अधिग्रहण पर उग्र आंदोलन करेंगे।

**रोहित माहला,** अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, डौंडी ब्लॉक

### समस्या का निकाला जाएगा समाधान

सड़क निर्माण कार्य में जमीन अधिग्रहण की जा रही है। किसानों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। अगर कोई परेशानी है तो किसानों और उच्चाधिकारी से मिलकर समस्या का समाधान निकालेंगे।

- **आरके सोनकर,** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डौंडी

### जमीन देने का बनाया जा रहा है दबाव

ग्राम बोरिद के कृषक दुर्जनराम ने बताया की लगभग 110 साल पूर्व सिवनी जलाशय के उलट में ग्राम बोरिद में हमारे पूर्वज की जमीन आ गई थी, जिसके कारण उस समय जमीन का अधिग्रहण किया गया था, तब जमीन अधिग्रहण का मुआवजा राशि मिली थी। तब उस राशि से ग्राम जमही में जमीन खरीदी की गई थी। उक्त भूमि में कृषि कार्य कर परिवार जीवनयापन कर रहे हैं। फिर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के टोलप्लाजा निर्माण के लिए जमीन देने का दबाव बनाया जा रहा है। हम कृषक अपनी जमीन नहीं देंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के तहत सड़क ▶▶| शेष पेज 12 पर

### अन्य स्थान पर बनाये टोलप्लाजा : किसान

उक्त भूमि में टोलप्लाजा का निर्माण किए जाने पर हमारे आजीविका का साधन छीन जाएगा, इसलिए हम कृषक अपने कृषि भूमि में टोलप्लाजा निर्माण हेतु नहीं देना चाह रहे हैं। इसलिए टोलप्लाजा के निर्माण के लिए अन्य स्थान का चयन करने का निवेदन किया गया, जिसमें आदिवासी कृषक नंदू राम, भागीराम, हिरासिंग, रामसिंग, मोहनलाल, काशीराम व अन्य तीन गैंदूराम, दुर्जनराम, अशोक ने हस्ताक्षर कर गुहार लगाई थी।

# धोखाधड़ी का फरार आरोपी सालभर बाद पकड़ाया पुलिस ने जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बिल्डिंग मटेरियल देने के नाम से एडवांस में 30 लाख 97 हजार रूपये धोखाधड़ी करने के बाद एक वर्ष से फरार आरोपी को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।



■ बिल्डिंग मटेरियल के नाम पर 31 लाख की धोखाधड़ी का मामला

विवेचना करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष टीम बनाकर अनेक जगह खोज बिन की। सूचना मिलने पर टीम द्वारा आरोपी तेजनाथ देवांगन 38 वर्ष को उसके ससुराल रामाटोला राजनांदगांव से गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

इस धोखाधड़ी के अपराध को सुलझाने में निरीक्षक रविषंकर पाण्डेय, सउनि धरम भुआर्य प्रधान आरक्षक मनोज निर्मलकर, आरक्षक भोपसिंह साहू, मोहन कोकिला, सायबर सेल बालोद से आरक्षक संदीप यादव व मिथलेष यादव एवं पुलिस लाईन बालोद से जागेन्द्र बेलचंदन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विदित हो कि धोखाधड़ी मामले पर प्रार्थी डोमन लाल साहू खल्लारी निवासी ने बालोद पुलिस को बताया था कि घटना 15 अक्टूबर 2022 से 14 जनवरी 2023 के मध्य मुझे बिल्डिंग मटेरियल देने के नाम पर एडवांस से नगदी रकम 13 लाख 97 हजार रुपए को लेकर मुझसे से लिये गये रकम के बदले बिल्डिंग मटेरियल नहीं दिया गया।इसके बाद आरोपी डौण्डी लोहारा निवासी तेजनाथ देवांगन को धोखाधड़ी करने के आरोप में थाना बालोद में धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

धोखाधड़ी का दूसरे मामले पर प्रार्थी ईश्वर लाल साहू ग्राम पाररास द्वारा बालोद थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी, जिसमें प्रार्थी ने बताया कि घटना 30 दिसंबर 2021 से 7 अप्रैल 2022 तक मुझे बिल्डिंग मटेरियल देने के नाम पर एडवांस से नकदी रकम 17 लाख लेकर मुझे रकम के बदले बिल्डिंग मटेरियल नहीं दिया गया। जिस मामले पर आरोपी तेजनाथ देवांगन के खिलाफ बालोद थाने में धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था।

# जिले की स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के अर्द्ववार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। जिसके तहत 5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं होगी।

■ 12 दिसंबर तक स्कूलों में होगी परीक्षाएं



जिसके तहत प्राथमिक शाला के बच्चे सुबह 11 बजे से 1 बजे तक परीक्षा दिला रहे है। वहीं माध्यमिक शाला के बच्चे प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक परीक्षाएं दिला रहे है। जिसके तहत 5 दिसंबर को पहली कक्षा में हिन्दी, दूसरी कक्षा में हिन्दी, तीसरी कक्षा में हिन्दी, चौथी कक्षा में अंग्रेजी, पांचवी कक्षा में गणित, छठवी कक्षा में अंग्रेजी, सातवी कक्षा में विज्ञान, आठवी कक्षा में हिन्दी की परीक्षा व 6 दिसंबर को पहली कक्षा में अंग्रेजी, दूसरी कक्षा में अंग्रेजी, तीसरी कक्षा में अंग्रेजी, चौथी कक्षा में गणित, पांचवी कक्षा में हिन्दी, छठवी कक्षा में संस्कृत, सातवी कक्षा में संस्कृत, आठवी कक्षा में विज्ञान की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी है। वहीं 7 दिसंबर को पहली कक्षा में गणित, दूसरी कक्षा में गणित, तीसरी कक्षा में गणित, चौथी कक्षा में हिन्दी, पांचवी कक्षा में अंग्रेजी, छठवी कक्षा में विज्ञान, सातवी कक्षा में अंग्रेजी, आठवी कक्षा में सामाजिक विज्ञान की परीक्षाएं होगी। 9 दिसंबर को तीसरी कक्षा में पर्यावरण, चौथी कक्षा में पर्यावरण, पांचवी कक्षा में पर्यावरण, छठवी कक्षा में गणित, सातवी कक्षा में सामाजिक विज्ञान, आठवी कक्षा में गणित की परीक्षाएं होगी। 11 दिसंबर को छठवी कक्षा में सामाजिक विज्ञान, सातवी कक्षा में गणित, आठवी कक्षा में अंग्रेजी की परीक्षाएं होगी। ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों को मानदेय का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

त्रिस्तरीय पंचायती राज का वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने को है, पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य अपने मानदेय का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें बकाया 6 माह के मानदेय में 4 माह का मानेदय दिया गया है, 2 माह का मानदेय अब भी बकाया है।

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोशण लाल साहू ने कहा भाजपा सरकार आने के बाद भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। पंच, सरपंच, जनपद सदस्यों को 6 माह का मानदेय नहीं मिला था। अभी मानदेय मिला वह भी 4 माह का। 2 माह का

■ 2 माह का अब तक नहीं मिला मानदेय



मानदेय फिर रोक दिया गया। तोशण साहू ने कहा जनपद विकास निधि एवं 15वें वित्त आयोग से जनपद को मिलनी वाली राशि की दूसरी किश्त भी अब तक नहीं मिली है, जबकि यह राशि प्रशासन स्तर पर जारी कर दी गई है। तोषण साहू ने आरोप लगाया कि जानबूझकर राशि को रोका जा रहा है, जबकि इस राशि से जनपद सदस्य अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनता की मांग एवं मंशा अनुरूप कार्य कराकर उन्हें राहत एवं सुविधा प्रदान कर सकते थे। उन्होंने कहा हमारा यह कार्यकाल अंतिम पड़ाव पर है, कुछ सप्ताह में चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में विलंब से राशि प्राप्त होने पर हम अपने क्षेत्र का विकास कार्य नहीं करा पाएंगे। वर्तमान में हमने अपने क्षेत्र की जनता की मांग एवं मंशा के अनुरूप क्षेत्र के विकास के लिए कई योजना बना रखे थे, लेकिन राशि प्रदान नहीं कर शासन प्रशासन क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय कर रही है। तोषण साहू ने कहा इस सभी स्थिति से आम जनता परिचित है, आगामी चुनाव में इसका खामियाजा सत्तारूढ़ भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

## पैरा एकत्र कर पशु आहार के रूप में उपयोग करने की अपील

# जिले में पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में किसानों द्वारा पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदुशण को रोकने के लिए तथा पैरा एकठ्ठा कर पशुओ के भोजन के रूप मे उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को बेलर मशीन उपलब्ध करा रही है, लेकिन बेलर मशीन प्रदान करने के बाद भी बेलर मशीन का सही उपयोग नहीं कर किसानों द्वारा वर्तमान में पराली जलाने के मामले लगातार सामने आने लगे है। पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही शुन्य है।

जिले मे किसानों द्वारा धान कटाई करने के बाद अगली फसल की तैयारी को लेकर खेतों की साफ सफाई के नाम पर धान कटाई के बाद खेतों में बचे पैरा को जलाने में लग गए है। पैरा जलाने से खेत में मौजूद कृशक मित्र कीट व भूमि की उर्वरता पर पड़ने वाले प्रभाव को कृशक जानते हुए भी अनदेखा कर देते है। वहीं किसानों द्वारा जिस गौ माता को दीपावली के अवसर पर लक्ष्मी के रूप मे पूजा कर उन्हे विभिन्न पकवान बनाकर खिचड़ी खिलाया जाता है, वहीं पराली जलाने से गौ माता साल भर भोजन की तलाश में इधर से ऊधर भटकने को मजबूर रहती है, ऐसे में गौ माता को लक्ष्मी के रूप पूजा करने वाले यही किसान गौमाता के लिए खेतो में मौजूद पैरा को इकठ्ठा कर गौठानो या पशुपालकों को दान कर सकते है।





### बेलर मशीन का नहीं हो रहा सही उपयोग

कृषि विभाग द्वारा जो बेलर मशीन प्रदान की जा रही है वह सामान्य एक बोझा पराली की जगह तीन गुना ज्यादा पैरा एक बंडल में आ जाता है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सामान्यत एक बोझा पराली में 5 से 6 किलो पैरा आता है परंतु बेलर मशीन से बने एक बंडल में 15 से 17 किलो पैरा होते है। मतलब एक बंडल में 3 बोझा पैरा इकठ्ठा हो जाता है, इसलिए कम स्थान पर ज्यादा पैरा इकठ्ठा कर संग्रहित भी सकते है। इसके साथ ही खाद बना सकते है या अन्य उपयोग में ले सकते हैं। सामान्यतः एक दिन में 3 से 4 एकड़ तक के पैरा का बंडलिंग आसानी से हो जाता हैं, फिर भी किसानों द्वारा बेलर मशीन का सही उपयोग करने के बजाए पैरा जलाने का काम किया जा रहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा बालोद विकासखण्ड में 4 बेलर मशीन, गुरूर विकासखण्ड में 3 बेलर मशीन, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में 5 बेलर मशीन, डौण्डी विकासखण्ड मे 4 बेलर मशीन, गुण्डरदेही विकासखण्ड मे 7 बेलर मशीन प्रदान किया गया है। यह मशीन बीते 3 साल पूर्व प्रदान किया गया है।

# चाकू लेकर घूमने वाले पकड़े गए

**भिलाई।** चाकू लेकर घूमने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दिया कि बाजार चौक डबरा पारा भिलाई 3 में हिमांशु तिवारी नामक युवक द्वारा अपने पास रखे चाकू को लहरा रहा था।आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा था। भिलाई तीन पुलिस की पेट्रोलिंग टीम तुरंत पहुंची और हिमांशु को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक चाकू जब्त किया है। वहीं दूसरी घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वार्ड 13 राम नगर आजाद चौक वैशाली नगर निवासी जॉ निसार खान उर्फ बहादुर खान को चाकू लेकर घूमते हुए पकड़ा गया है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### मुक्ताकाशी मंच पर आज सजेगी गीतों की महफिल

**रायपुर।** स्वर सप्तक संस्था द्वारा महान फिल्म संगीतकार खय्याम की स्मृति में सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। 7 दिसंबर को शाम 7 बजे से मुकताकाशी मंच पर आयोजित इस संगीत संध्या में अंचल के गायक बॉबी मंडल, वंदना कुलदीप, ओम प्रकाश, राजेश तिवारी, जावेद अली, गोपा सान्याल गीतों को आवाज देंगे। वहीं शिवानी बानी, नगिता गुप्ता, भूमि सागर, दिनेश वर्मा, अजय कर्मोकार व गिरीश कुलदीप खय्याम के स्वरबद्ध गीतों की प्रस्तुति देंगे। उदय दास ने बताया कि प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर एयरपोर्ट प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. एसडी शर्मा मौजूद रहेंगे।

### छज्जा निकालने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक चरवाहे ने अपने छोटे भाई तथा भतीजे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मीनाथ यादव ने लक्षण तथा उसके बेटे कमलेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। लक्ष्मीनाथ ने पुलिस को बताया कि वह गांव के मुखिया की उपस्थिति में बंटवारे में मिली जमीन में छज्जा निकाल रहा था। इस बात से दोनों नाराज हो गए और लक्ष्मीनाथ के साथ मारपीट की।

### पीएम आवास के 5 भवनों को 4 माह में तैयार करने के निर्देश

**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासीय परिसर के निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 5 अपूर्ण भवनों को शीघ्र फिनिशिंग कर 4 महीने के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 348 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। ये आवास 12 भवनों में किया जा रहा है, जिसमें 5 भवन में आवास के निर्माण पूर्णता की ओर है, वहीं 5 भवनों के आवासों में फिनिशिंग का कार्य होना बाकी है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, जोन 8 जोन कमिश्नर ए. के. हालदार, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, अभिषेक गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चौथी बार थोक सब्जी विक्रेता समिति के अध्यक्ष बने रेड्डी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी की संचालन समिति श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई का गुरुवार चुनाव हुआ। इसमें टी. श्रीनिवास रेड्डी लगातार चौथी बार तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए फिर से अध्यक्ष पद पर भारी बहुमत से चुने गए। चुनाव अधिकारी मोहनलाल रोहरा एवं ईश्वर पंजवानी ने बताया, उपाध्यक्ष राजा साहू एवं विनूराम साहू, सचिव हरीश बाबरिया, कोषाध्यक्ष राजा पंजवानी, सहसचिव अमित गुप्ता पिंटू, सेवक मटलानी एवं कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्राकर एवं सोहित राम साहू भारी बहुमत से निर्वाचित हुए। समिति का कार्यकाल 5 दिसंबर 2024 से 4 दिसंबर 2027 तक रहेगा।

# राजधानी के आउटर की हवा खराब, बारिश की वजह से लोगों को मिली थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आउटर इलाकों में इन दिनों हवा का स्तर सबसे ज्यादा खराब है। हवा का स्तर सबसे ज्यादा खराब एम्स, टाटीबंध इलाके के साथ औद्योगिक एरिया सिलतरा, उरला, बिरगांव, धनेली का एरिया शामिल है। औद्योगिक एरिया में क्यूआई का स्तर सौ से पार हो गया है। इसके कारण सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से टाटीबंध क्षेत्र में थोड़ी राहत है, लेकिन जो राहत मिली है, उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा इलाके में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण हवा के स्तर में जरूर सुधार हुआ था। क्षेत्र का क्यूआई का स्तर 68 तक पहुंच गया, जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है। क्यूआई का स्तर 116 तक पहुंच गया है। इसी तरह से बुधवार को एम्स, टाटीबंध क्षेत्र में क्यूआई का स्तर 118 तक पहुंच गया। आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। उस लिहाज के क्यूआई का स्तर और खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

***इतने से इतने बजे के बीच हवा में सबसे ज्यादा जहर:*** *नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्यूआई का स्तर रात 12 बजे से सुबह आठ बजे के बीच सबसे ज्यादा प्रदूषित रहता है। इस दौरान पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर 80 से लेकर 150 तक पहुंच जाता है। सुबह धूप निकले के बाद थोड़ी राहत मिलनी शुरू होती है। गुरुवार को रात आठ बजे 2.5 का स्तर सिलतरा में 101 पर पहुंच गया।*

## एयर क्वालिटी खराब होने से स्वांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों की बढ़ी परेशानी

### आंबेडकर में पहुंच रहे रोज 50 से 100 मरीज

*हवा का स्तर खराब होने की वजह से अस्थमा सहित अन्य तरह के सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में परेशाना का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरे ओर हवा में घूल रहे जहरीले पार्टिकल की वजह से लोगों को सर्दी, जुकाम तथा खांसी की समस्या बढ़ी है। आंबेडकर अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुकाम से संबंधित नियमित 50 से 100 मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं।*



### क्यूआई का स्तर इस क्षेत्र में और भी ज्यादा खराब

*गौरतलब है कि एयर क्वालिटी मापने की मशीन शहर के चार जगह आउटर में लगे हैं। इनमें भाठागांव के अलावा एम्स, सिलतरा तथा कृषि विश्व विद्यालय के पास कृषक नगर है। शहर के व्यस्त क्षेत्र में शामिल जयस्तंभ, घड़ीचौक, रेलवे स्टेशन जैसे क्षेत्र में क्यूआई मापने की मशीन लगाए जाने पर क्यूआई का शहर के अंदर की सही स्थिति की जानकारी मिल पाएगी।*

### हवा का दबाव कम होने से क्यूआई का स्तर खराब

जानकारों के मुताबिक ठंड के दिनों में हवा का दबाव कम रहता है, इस वजह से औद्योगिक से निकलने वाली प्रदूषित धुंआ ऊपर जाने की वजह से निचे रह जाती है। इसके चलते क्यूआई की स्तर बिगड़ता है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष शहर के आउटर औद्योगिक क्षेत्र में क्यूआई का स्तर ज्यादा खराब है। पूर्व के वर्षों में औद्योगिक की जगह शहरी क्षेत्र में क्यूआई का स्तर ज्यादा खराब रहता था।

## सैकड़ों पक्षकार कोर्ट के चक्कर लगा-लगाकर थक हार चुके

# रेंट कंट्रोल कोर्ट में न्याय पाने पक्षकार लगा रहे सालों से चक्कर, 5 सौ प्रकरण पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के अधीन रेंट कंट्रोल कोर्ट में न्याय की उम्मीद कर मकान मालिक और किराएदार केस दर्ज कराते हैं, लेकिन कछुए से भी धीमी गति से प्रकरणों पर हो रही सुनवाई के कारण सैकड़ों पक्षकार कोर्ट के चक्कर लगा-लगाकर थक हार चुके हैं। कई पक्षकार तो न्याय पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं। कंट्रोल कोर्ट में करीब 5 सौ प्रकरण पेंडिंग हैं। इनमें से करीब 2 सौ प्रकरण ऐसे हैं, जो पिछले 3 से 7 वर्ष के बीच है। इनमें भी कई प्रकरणों में अंतिम सुनवाई भी हो चुकी है, इसके बाद भी इन प्रकरणों में अब तक आर्डर जारी नहीं हुए हैं। हरिभूमि ने रेंट कंट्रोल कोर्ट में पेंडिंग प्रकरणों की संख्या इतनी ज्यादा घटने के बजाए बढ़ क्यों रहे है और आखिर क्या कारण है कि पक्षकारों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, इसकी पड़ताल की। इससे पता चला कि रेंट कंट्रोल कोर्ट की जिम्मेदारी जिस अफसर को दी जाती है, उसका कुछ महीनों में ही ट्रांसफर कर दिया जाता है या फिर प्रोटोकाल ड्यूटी में उसे झोंक दिया जाता है, जिसके कारण कोर्ट की नियमिति सुनवाई पर लगातार असर पड़ रहा है।

### सुनवाई की जा रही

चुनाव और शासकीय कार्यक्रमों की प्रोटोकाल ड्यूटी के कारण सुनवाई कम हो पाई है। सप्ताहभर से सुनवाई लगातार की जा रही है।

\- **प्रकाश टंडन,** रेंट कंट्रोलर रायपुर

### सुनवाई में प्रोटोकॉल बड़ी बाधा

*रेंट कंट्रोल कोर्ट की जिस अफसर को जिम्मेदारी दी जाती है, उसी अफसर को प्रोटोकाल का प्रभार दिया जा रहा है। ये पिछले करीब 4-5 वर्ष से चल रहा है। इसके पहले प्रोटोकाल का प्रभार दूसरे अफसरों को दिया जाता रहा है, जिससे रेंट कंट्रोल कोर्ट में सुनवाई भी नियमित होती थी और पक्षकारों को न्याय भी मिल पाता था, लेकिन व्यवस्था बदल दी गई है, जिसके कारण अफसर कोर्ट की सुनवाई नहीं कर प्रोटोकाल में ही अपनी सेवा दे पा रहा है। यही कारण है कि कोर्ट की सुनवाई में भी 80 प्रतिशत तक गिरावट आ चुकी है।*



### दो माह में सिर्फ 15 केस में सुनवाई

विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रकाश टंडन का अक्टूबर में रेंट कंट्रोल कोर्ट का प्रभार सौंपा गया था। उनके प्रभार संभालने के बाद से वे चुनावी कार्य एवं शासकीय कार्यक्रमों की तैयारियों में व्यस्त हो गए। इसके कारण इन दो महीने में सिर्फ वे 15 सुनवाई ही कर पाए हैं। इनमें भी करीब आधा दर्जन प्रकरण में अलग-अलग कारण से सुनवाई की पेशी आगे बढ़ाई गई है, जबकि कोर्ट में करीब 5 सौ प्रकरण पेंडिंग हैं।

### एक साल में 5 अफसरों का तबादला

सालभर में रेंट कंट्रोल कोर्ट के प्रभार वाले 5 अफसरों का ट्रांसफर हो चुका है। इसकी शुरुआत नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान हुई थी। चुनाव से तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा को कोर्ट का प्रभार सौंपा गया था। चुनाव के मद्दनेजर उनका ट्रांसफर कर दिया गया। इसके बाद तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर बृजेश सिंह क्षत्रीय को इसका प्रभार सौंपा गया था। उनका ट्रांसफर भी विधानसभा चुनाव के बाद कुछ महीनों में कर दिया गया। उन्हें बिरगांव नगर निगम कमिश्नर बनाते हुए रेंट कंट्रोल कोर्ट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इस बीच अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए उनकी जगह संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। उनका भी एक-दो महीने ही प्रभार बदल दिया गया। इसके बाद उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को प्रभार सौंपा गया, लेकिन दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के पूर्व उनका भी प्रभार बदलकर दिया गया। अब उनकी जगह राज्य प्रशासनिक सेवा अफसर प्रकाश कुमार टंडन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**केस 1**

गुरजीत सिंह गरचा का केस 2018 से कोर्ट में चल रहा है। रायपुर के आनंद टॉकीज स्थित उसकी प्रॉपर्टी पर किराएदार ने कब्जा कर रखा है। इस प्रकरण में वर्ष 2023 तक कई बार सुनवाई हो चुकी है। बताया गया कि इस सुनवाई में अंतिम निर्णय भी आया है, पर ऑर्डर जारी नहीं जा रहा है।

**केस 2**

पंडरी रायपुर निवासी धीरज अरोरा ने भी 3 साल पहले केस दर्ज किया था। उसके द्वारा अब्दुल अजीज कुरैशी जो किराएदार है, पर केस दर्ज करा कर अपना मकान-दुकान को उसके कब्जा से मुक्त कराकर न्याय की गुहार लगाई है। इस केस में पूर्व में कई बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन पिछले एक साल से लगातार पेशी की तारीख दी जा रही है, जिससे उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है।

**केस 3**

डा. अनुपमा अस्थाना ने भी करीब 4 वर्ष पूर्व अपने मकान को किराएदार से कब्जा मुक्त कराने के लिए केस किया था। इस केस में अंतिम सुनवाई में अनुपमा के पक्ष में निर्णय आया था, जिसे चुनौती देकर दूसरे पक्षकार ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में अनुपमा के पक्ष में आदेश देते हुए 6 माह के भीतर रेंट कंट्रोलर को पक्षकार को न्याय दिलाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इस आदेश के बाद भी डेढ़ वर्ष से अब तक पक्षकार को न्याय नहीं मिल पाया है।

**केस 4**

टिकरापारा रायपुर निवासी अलका ढोटे ने भी किराएदार नजमा बेगम एवं किशोर लंसोड़ के विरुद्ध करीब 3 वर्ष पहले केस दर्ज किया है। इस केस में भी पूर्व में कई बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन पिछले सालभर से इस केस में सुनवाई की पेशी की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

# संस्थापकों की सदस्यता खत्म नहीं होती, देवांगन समाज का 18 को शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

27 नवंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सर्व सहमति से सामाजिक संगठन को मजबूती देने के लिए नए संगठन के रूप में प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ का गठन किया गया है। इसमें सभी की सहमति से डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए उनको अधिकृत भी किया गया है। अब 18 दिसंबर को वृन्दावन हाल में दोपहर 12 बजे सभी जिले के पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। यह निर्णय प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष की मनमानी के कारण समाज को लेना पड़ा। समाज को एकजुट करने के लिए संस्थापक सदस्यों से सहमति लेने के बाद नया संगठन भी तैयार किया गया है। प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षक महेश देवांगन, संरक्षक व संस्थापक सदस्य कुंजलाल देवांगन और रामगोपाल देवांगन ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी 19 में से 12 पदाधिकारी प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ हैं। इनमें संस्थापक सदस्य भी शामिल हैं, जिनको समाज से बाहर करने और सदस्यता खत्म करने का दावा कुछ दिन पहले किया गया। नियम के मुताबिक संस्थापक सदस्यों की सदस्यता कभी खत्म नहीं की जा सकती। इसे खिलाफ मानहानि का दावा करने का निर्णय भी लिया जाएगा।

- प्रदेश देवांगन समाज ने पत्रकार वार्ता में कहा- करेंगे मानहानि का दावा

# जयंती व शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की हुई बैठक

**रायपुर।** गुरु घासीदास की 268 वीं. जयंती की पूर्व संध्या पर परंपरानुसार राजधानी में 16 दिसंबर को आमापारा प्लाजा से सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगवाई में भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें गुरुजी के संदेशों को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झांकियां व पंथी नृत्य आकर्षण के केंद्र होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि जयंती व शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में बुधवार को सतनामी समाज की अहम बैठक हुई, जिसमें इस वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियों को समापन स्थल नगर घड़ी चौक के मुख्य मंच में पुरुष्कृत करने का निर्णय लेते हुए कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर प्रमुखजनों को सुचारु व्यवस्था के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। बैठक में संरक्षक शकुन डहरिया, डॉ. जेआर सोनी, सुंदरलाल लहरे, डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, खेदु बंजारे, जीआर बाघमारे सहित समाज के अनेकों लोग उपस्थित थे।



# केवल्यधाम में उपध्यान तप आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ का जैन तीर्थ केवल्यधाम में गुरुदेव उपाध्याय प्रवर महेंद्र सागरजी एवं मनीष सागरजी की निश्रा में 7 दिसम्बर से उपध्यान तप प्रारंभ हो रहा है। इस उपध्यान तप में जिला सहित छत्तीसगढ़ एवं अन्य स्थानों से लोग इस तप में भाग लेने पहुंचेंगे। इस तप आराधना में सम्मिलित होने वालों को साधु–साध्वियों जैसा दिनचर्या का पालन करना होता है। इस तप से जुड़ने वालों को 51 दिनों तक, दूसरी बार 35 दिन तथा तीसरी बार 28 दिन तक साधु–साध्वियों की दिनचर्या का पालन करना होता है। बालोद से कंचनजी श्रीश्रीमाल, पुष्पा चौरड़िया, ज्योतिजी सकलेचा, पूजा भुगड़ी, गुंजन भंसाली एवं सेजल डूंगरवाल इस तप आराधना हेतु कैवल्यधाम जा रहे हैं। इस तप आराधना का जैन धर्म मे विशेष महत्व है, संभवनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर समिति द्वारा उपध्यान तप में सम्मिलित होने वाले सदस्यों का मंदिर में सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीसंघ अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन, मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ढेलडिय़ा, सचिव रूपचंद गोलछा, विनोद गोलछा, प्रमोद गोलछा, मुकेश भंसाली, विकास भंसाली, गोलू चौरड़िया, संतोष नवलखा, शांतिलाल भुगड़ी, अरुण बाफना, लक्की लोढ़ा, संतोष गोलछा, आकाश गोलछा, रिंकू गोलछा, श्रेयांश भंसाली, यश मालू, मोनू ढ़ेलडिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे। महिला मंडल द्वारा उनका बहुमान किया गया।

# बिना नक्शा पास कराए मकान के ऊपर तान दिया फर्स्ट-सेकंड फ्लोर

## निगम ने लगाई रोक, दुकान भी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के छोटापारा में एक पुराने बने मकान के ऊपर बिना नक्शा पास कराए फर्स्ट व सेकेंड फ्लोर का निर्माण कराए जाने के मामले में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने मकान पर चले रहे अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई है, साथ ही ग्राउंड फ्लोर पर बनी नवनिर्मित एक दुकान को भी सीलबंद किया। जोन-4 कमिश्नर ने बताया कि कार्यालय को सूचना मिली थी कि छोटापारा में मस्जिद के पास एक मकान मालिक अपने मकान के उपर फर्स्ट एवं सेकेंड फ्लोर का निर्माण करा रहा है। इस सूचना पर निगम निवेश विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, तो पता चला कि मकान मालिक ने उपर फ्लोर बनाने के लिए नक्शा



ही पास नहीं कराया है। यही नहीं, उसने अपने मकान को कमर्शियल बनाते हुए नीचे स्वीकृत जमीन से अतिरिक्त जमीन पर कब्जा कर वहां एक दुकान भी बना ली है। विभागीय टीम ने इस मामले में मकान में चल रहे निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई, साथ ही अतिरिक्त जमीन पर बनाई गई दुकान को भी सीलबंद करने की कार्रवाई की। इसके अलावा एक अन्य दुकान चालू हालत में मिली है, उसे लेकर स्थल पर संबंधित निर्माणकर्ता को भविष्य के लिए नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

## मंडी में बोली लगाकर खरीद रहे व्यापारी

# नवंबर में 870 किसानों ने बेचा 20 हजार क्विंटल से अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के उपार्जन केंद्रों में जहां समर्थन मूल्य पर धान की जमकर खरीदी हो रही है, वहीं दूसरी ओर उपज मंडी केंद्रों में भी धान खरीदी ने रफ्तार पकड़ ली है। व्यापारी मंडी में बोली लगाकर धान की खरीदी कर रहे हैं। जिले के पंडरी-तराई (कांपा) उपज मंडी में नवंबर में 870 किसान 20 हजार 124 क्विंटल धान बेच चुके हैं। इन किसानों को धान के बदले 4 करोड़ 62 हजार 480 रुपए का भुगतान भी किया गया है। जिले में धान की कटाई शुरू हो चुकी है, जैसे-जैसे धान की कटाई में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों के अलावा मंडी में पंजीकृत किसान भी अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में जाने लगे हैं। नवंबर में दीपावली त्योहार के बाद से उपार्जन केंद्रों के साथ मंडियों में भी किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं। उपज मंडी में वहीं किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं, जिनका पंजीयन उपार्जन केंद्रों में नहीं है।

### ग्रेड व नमी देखकर लगाई जा रही बोली

*मंडी में धान को ग्रेड के अनुसार तथा उसकी नमी की मात्रा को परखकर खरीदा जा रहा है। इसके लिए व्यापारियों द्वारा धान की बोली लगाई जा रही है। अब तक न्यूनतम 1941 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदा गया है, वहीं अधिकतम बोली 27 सौ रुपए लगाई गई है। हालांकि ग्रेड ए धान की न्यूनतम बोली 1800 रुपए एवं अधिकतम 3495 रुपए तक लगाई जा रही है।*



### धान के साथ अन्य उपज बेचने भी आ रहे किसान

मंडी में धान के साथ अन्य उपज बेचने के लिए भी किसान पहुंचने लगे हैं। सबसे ज्यादा धान बेचने के लिए किसान आ रहे हैं। नवंबर में 870 किसान 20 हजार क्विंटल से अधिक धान बेच चुके हैं। किसानों की सुविधा के अनुसार मैनुअल व डिजिटल दोनों प्रणाली से खरीदी व भुगतान किया जा रहा है।

\- **प्रदीप शुक्ला,** सचिव, उपज मंडी रायपुर

### तिवरा, सोयाबीन, सरसों गेंहू-मक्का भी खरीदी शुरू

*मंडी में धान के अलावा किसान तिवरा, सोयाबीन, सरसो, गेंहू एवं मक्का बेचना भी प्रारंभ कर दिए हैं। हालांकि इन सभी की मात्रा बहुत कम है। मंडी समिति से मिली जानकारी के अनुसार नवंबर माह में 3 किसानों ने 8 क्विंटल गेंहू, 1 किसान ने 1 क्विंटल मक्का, 1 किसान ने 2 क्विंटल तिवड़ा, 1 किसान ने 8 क्विंटल सोयाबीन एवं 2 किसानों ने 3 क्विंटल सरसों बेचा है। इन सभी किसानों को उपज का भुगतान भी कर दिया गया है।*

### ऑनलाइन व मैनुअल ट्रांजेक्शन

*मंडी में पंजीकृत किसानों से धान सहित अन्य उपज की खरीदी व भुगतान मैनुअल व डिजिटल दोनों प्रणाली से की जा रही है। इसके तहत 57 किसानों को मैनुअल तथा 833 किसानों को डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से खरीदी और भुगतान किया गया है।*

## पेज 11 के शेष

### टोलप्लाजा के लिए ...

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दल्ली राजहरा के कार्यालय में 30 नवंबर को हुई थी, जिसमें किसानों ने अपनी भूमि को देने से इंकार किया था और पीड़ित आदिवासी किसानों से मिली जानकारी के अनुसार आदिवासी कृषक 7 फरवरी 2023 को कलेक्टर बालोद के जनदर्शन में आवेदन देकर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के पैकेज 1 कि मी 30.600 से 67.880 तक के मध्य सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य प्रगति पर है। इसके अंतर्गत तहसील डौंडी के ग्राम जमही में टोल प्लाजा के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण करने की जानकारी मिली है। इसमें हम कृषकों की पैतृक निजी भूमि प्रभावित हो रही है, जो की हमारे प्रभावित भूमि के अलावा हमारे पास कोई अन्य कृषि भूमि नहीं है।

### जमीन देने का ..

चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में भू अर्जन के लिए भारत का राजपत्र में 9 फरवरी 2018 को अधिसूचना प्रकाशित हुई थी, जिसमें जमही ग्राम में टोलप्लाजा निर्माण हेतु उक्त कृषकों के भूमि अधिग्रहण का कोई उल्लेख है, जिससे लगता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी आदिवासी अंचल में आदिवासियों की जमीन पर दबंगतापूर्ण कार्य करा रहे हैं। टोल प्लाजा के पास किसान युगल किशोर उर्वशा, दुर्जन राम भंडारी, रामसिंह, पोषण कुमार, जोगीराम रावते, रोहद्गु राम, काशीराम, सदाराम, भगतराम, सोनसिंह ग्राम पटेल जमही, मनोज मित्तल उपस्थित थे। तो वहीं पुलिस बल के जवान भी सुबह से उपस्थित थे।

### जिले की स्कूलों ...

12 दिसंबर को छठवी कक्षा में हिन्दी, सातवी कक्षा में हिन्दी, आठवी कक्षा में संस्कृत की परीक्षाएं संपन्न होगी।

### साहू संघ का ...

संघ के पदाधिकारियो मे संयोजक, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ट जिला साहू संघ बलोद डॉ कमलराम साहू एवं तहसील अध्यक्षगण मे बालोद से मदनलाल सोनबरसा, गुरूर महेन्द्र कुमार साहू, गुण्डरदेही मानसिंह सार्वा, डौण्डीलोहारा राजेन्द्र साहू, देवरी नरेन्द्र हिरवानी, अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, डौण्डी सोमेश साहू, दल्लीराजहरा युवराज साहू व धिराजसिंह साहू, पंचकुमारी साहू, जितेन्द्र साहू, कृष्णा राम साहू, आरडी साहू, तोरण लाल साहू, विजय साहू, बंशीलाल साहू, लेखराम साहू, अंजनी साहू, दिने"वर साहू, परमानंद साहू, लिखन साहू व पदाधिकारी जिला साहू संघ बालोद के साथ साहू परिवार जिला बालोद उपस्थित रहेंगे। संपादक मंडल मे सह संपादक भोलाराम साहू, हरिशचन्द्र गंजीर, हरीश साहू, रामस्वरूप साहू, लेखराम साहू उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### वाहन अनियंत्रित होकर होटल में घुसा, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**बालोद।** शुक्रवार को शहर के नया बस स्टैंड के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर एक हॉटल में घुस गया। गनीमत रही कि वाहन की चपेट मे कोई नहीं आया, जिससे बढ़ा हादसा टल गया। होटल के बाहर खड़ी अनेक गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार युवती को बचाने के चलते यह हादसा हुआ है। युवती सुरक्षित है। वही कोतवाली पुलिस भी मौके पर घटनास्थल पहुंच पिकअप चालक को पकड़ा लिया है।

### किसलय का जिला सेनानी के पद में चयन



**गुरूर।** ग्राम परसूली सरपंच मोती राम देवांगन के पुत्र किसलय का चयन जिला सेनानी (गृह विभाग) के पद में हुआ है। उन्होंने सीजीपीएससी में 53 रैंक हासिल किया है। किसलय का चयन पूर्व में हास्टल अधीक्षक, सहकारिता प्रबन्धक एवं सब इंस्पेक्टर पदों में हुआ था, पर उनका लक्ष्य पीएससी में डिप्टी कलेक्टर बनना है। उनके जिला सेनानी में चयन होने पर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जनपद पंचायत गुरुर उमेश रात्रे, तहसीलदार देवेंद्र नेताम, एडीओ राकेश मानकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कॉलेज में हुआ गर्भाशय कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गर्भाशय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एमडी भूमिका सोरी द्वारा गर्भाशय कैंसर के प्रति छात्राओं को व्याख्यान दिया गया। सोरी ने अपने व्याख्यान में गर्भाशय कैंसर से बचने के उपाय, समाधान किस प्रकार किया जाये, इसकी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ सेनेटरी पैड का उपयोग कैसे किया जाये इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी । कार्यक्रम में चेतना केराम, प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, कार्यक्रम प्रभारी नेहा ध्रुवे, डॉ. ईश्वर लाल खरे सहायक प्राध्यापक, कुलेश्वर पटेल, देवानंद वर्मा संचालन नंदकिशोर सिन्हा द्वारा किया गया। महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापककर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

## निधन

### भीखम चंद साहू



**बालोद ।** ग्राम खैरताराई निवासी भीखम चंद साहू 30 वर्ष का निधन हो गया है। उसकी अंतिम यात्रा 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान ग्राम खैरताराई से पाररास मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे किशोर साहू के पुत्र व आरटीओ एजेंट मनीष साहू के लघु भ्राता थे।

### हेमलता पटेल



**गुरूर।** ग्राम कनेरी निवासी हेमलता पटेल 58 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वह देवमन लाल पटेल की पत्नी, राजेश कुमार पटेल, कुणाल पटेल, रुपेश पटेल, रश्मि पटेल के माता थीं।







### जिला स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा में 256 प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

**बालोद।** जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता सरयू प्रसाद इनडोर स्टेडियम गंजपारा में हुई। जिले से खिलाड़ी, अधिकारी, निर्णायक व कोच शामिल हुए। तीन इवेंट्स में लगभग 256 प्रतिभागी शामिल हुए। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत थे। विशेष अतिथि डॉ. प्रदीप जैन ऑर्गेनाइजिंग कमेटी अध्यक्ष सीए अनिल कुमार जैन, बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय थे। मुख्य रूप से इवेंट क्योरूगी, पूमसे एवं एडवांस इवेंट स्पीड किकिंग रहा। जिला मार्शल आर्ट्स एकेडमी बालोद के सचिव वासुदेव, ऑफिशियल कमेटी संजय देशमुख, प्रह्लाद कुमार, देवेंद्र कुमार, खोगेश्वरी गेंद्रे, यामिनी कौमार्य, कमलेश कुमार, चिरंजीव सोनल, तामेश्वर साहू, ओंकार साहू, भारती साहू, आदित्य घिलेंद्र, लक्ष्मीनारायण निषाद निर्णायक ने नेतृत्व निभाया। समापन समारोह में तेजेंद्र हिरवानी पूर्व सैनिक अनिल कपूर जैन अतिथि रहे। विजेता खिलाड़ियों को मेडल्स सर्टिफिकेट्स देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं 15 दिसंबर आरंग में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे।

**सुपोषण**

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पौष्टिक आहार जरूरी

### पोषण पोटली का दिया गया तोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गांधी नगर अंडा के आंगनवाड़ी केन्द्र 3 में शुक्रवार को गोद भराई रस्म सह सुपोषण दिवस मनाया गया। गोद भराई रस्म अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका शकुन साहू एवं सहायिका द्वारा पोषक क्षेत्र के चिन्हित गर्भवती महिला सपना धीवर को केंद्र में बुला कर रीति रिवाज व सम्मान के साथ गोद भराई की रश्म एवं सुपोषण दिवस मनाया गया। इस दौरान गर्भवती महिला को प्रसव पूर्व जांच व उचित देखभाल एवं पौष्टिक आहार ग्रहण करने की सलाह दी गई तथा रीति रिवाज के तहत उपहार स्वरूप चुंदरी व पोषण पोटली आदि सामान का तोहफा के तौर पर भेंट किया गया।

गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार व जांच जरूरी, एएनएम भारती एवं सीएचओ दामिनी सिन्हा, मुकेश साहू ने बताया कि ने पौष्टिक आहार ग्रहण करने से ना सिर्फ गर्भवती महिलाएं स्वस्थ रहती हैं। बल्कि, गर्भ में पल रहे बच्चे का भी सर्वांगीण विकास होता है। गर्भ काल में सही देखभाल एवं खानपान में पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है।



उसके अलावा टेटनस का इंजेक्शन, कैल्शियम, आयरन फोलिक एसिड की गोली लेना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला के स्वास्थ्य पर ही जन्म लेने वाले नवजात का सेहत निर्भर रहता है। इसलिए गर्भ काम में गर्भवती का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसी उद्देश्य से स्वास्थ विभाग के निर्देश पर गर्भवती महिलाओं को सही पोषण एवं गर्भकाल में उचित देखभाल की आवश्यकता पर सलाह एवं जागरूक करने को लेकर मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में गोद भराई रस्म एवं सुपोषन दिवस कार्यक्रम मनाया गया। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं, प्रसूति महिलाओं को पोषण पर ध्यान देने तथा गर्भ में पल रहे बच्चे के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए स्वस्छ एवं पौषिक आहार जरूरी बताया। गर्भवती महिलाओं को एनीमिया, डायरिया जैसे रोग से बचाव तथा पौष्टिक आहार, स्वच्छता और साफ-सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षका पेमीन नांगवंशी, प्रेमिन चन्द्रकार, ग्राम के सुमित्रा सिन्हा, देविका ठाकुर, रितु ठाकुर उपस्थित थीं।

### गोद भराई रस्म में स्तनपान के महत्व के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र अंडा में गोद भराई एवं सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का रीति रिवाज से गोद भराई रस्म किया गया। साथ में स्तनपान के महत्व के बारे में महिलाओं एवं आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाने एवं कुपोषण से शिशु को बचाने में स्तनपान के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवार के अहम सदस्य को सुरक्षित गर्भावस्था के लिए पौष्टिकता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह देना गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारियों को उपलब्ध कराना ताकि वे आसानी से इनकी सेवाएं प्राप्त कर सकें। गर्भवती महिला के प्रति संवेदनशीलता एवं परिवार के सदस्यों द्वारा की जाने वाले देखभाल के प्रति जागरूक करना। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना एवं जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत दिये जाने वाले लाभ के बारे में उन्हें जागृत करना।

## सेवानिवृत जवान का गृहग्राम में स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देश की सेवा में तैनात जवानों के प्रति सम्मान, आदर और क्रेज समाज के हर व्यक्ति के मन में है। जिले के ग्राम लाटाबोड़ में जन्में कमलेश कुमार साहू जब सेना से रिटायर होकर अपने घर लौटे तो उनके स्वागत, सम्मान में गांव में धूमधाम से रैली निकाली गई।

जहां ग्रामीणों सहित परिवारजन मित्र सहित नाचते गाते रैली निकली गई। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव में ही की थी। ये 2003 से सेना में भर्ती हुए थे, जहां 20 सालों तक देश की सेवा की। इस दौरान वे कश्मीर, पंजाब, श्रीनगर, अरुणाचल प्रदेश सहित अन्य जगह में जाकर अपनी सेवा दी। 20 साल देश की रक्षा कर सेवानिवृत्ति पर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत सम्मान किया।

### भारतीय सेना में जुड़ने की दी प्रेरणा

सेवानिवृत्त जवान कमलेश साहू ने बताया कि मैं भारतीय थल सेना में 20 साल सेवा कर सेवानिवृत्त होकर वापस अपने गांव लौटा हूं। मुझे काफी गर्व है कि मैंने अपने देश की सेवा की है। उन्होंने कहा कि सभी युवा वर्ग से यही कहना चाहूंगा कि आप सब भी भारतीय सेना ज्वॉइन करिए, यहां सेवा के साथ–साथ अपना जीवन कैसे जीना है, हर क्षेत्र में काम करने का तरीका भी सिखाया जाता है।

## राष्ट्रीय कवि संगम में शामिल हुए बालोद के साहित्यकार



**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़ प्रान्त इकाई के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन एवं विचारगोष्ठी का आयोजन रोटरी क्लब, मरीन ड्राइव रायपुर में किया गया। साथ ही साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल परमार्थी अमृत महोत्सव में जगदीश मित्तल राष्ट्रीय अध्यक्ष, महेश कुमार शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री, चतुर्भुज अग्रवाल प्रांतीय संरक्षक, योगेश अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष के आतिथ्य में मनाया गया।

राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बालोद के अध्यक्ष अखिलेश्वर मिश्रा, सचिव हर्षा देवांगन, उपाध्यक्ष गजपति राम साहू, साहित्यकार देव जोशी गुलाब सम्मिलित हुए। बालोद जिला के उपरोक्त साहित्यकारों ने अपनी काव्य रचना पढ़ी, जो राष्ट्र जागरण और धर्म जागरण से ओत प्रोत थी। बालोद जिला के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अशोक आकाश, सीताराम साहू श्याम, जगदीश देशमुख, केशव राम साहू, योगेश छत्तीसगढ़िया, पुष्कर सिंह राज, मोहन प्रसाद चतुर्वेदी, टी आर महमल्ला, दिनेंद्र दास,भरत बुलंदी,कन्हैया लाल बारले, देवनारायण नगरिया, हरीश अष्टबंधु, देवेंद्र साहू, अजीत तिवारी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बालोद ने बधाई दी।

## कोदो, कुटकी एवं रागी की खरीदी शुरू होगी 15 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य सरकार समर्थन मूल्य पर वर्ष 2024–25 में कोदो, कुटकी एवं रागी की खरीदी 15 दिसम्बर से शुरू की जाएगी। जिला लघु वनोपज सहकारी संघ के प्रबंध संचालक एवं वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित दर पर प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के अंतर्गत 12 संग्रहण केन्द्रों में महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से क्रय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषक इन केन्द्रों में 15 दिसम्बर से 15 फरवरी 2025 तक गुणवत्तायुक्त कोदो, कुटकी एवं रागी का विक्रय कर सकते हैं।

- 12 संग्रहण केन्द्रों में महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से क्रय किया जाएगा

### दर व खरीदी लक्ष्य निर्धारित

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा वर्ष 2024–25 हेतु कोदो 32 रूपए प्रति किलोग्राम, कुटकी 33.50 रूपए प्रति किलोग्राम एवं रागी 42.90 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जिला यूनियन बालोद को कोदो 4000 क्विंटल, कुटकी 500 क्विंटल एवं रागी 1000 क्विंटल क्रय करने हेतु लक्ष्य प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि कृषकों से प्रति एकड़ कोदो एवं रागी 3.50 क्टिवंटल तथा कुटकी 2 क्विंटल क्रय किया जाएगा।

### दस्तावेजों के साथ आना होगा

इसके साथ ही किसान अनाज खरीदी की अंतिम तिथि 15 फरवरी से पूर्व ही बी–1, बी–2 संग्रहण कार्ड, आधार कार्ड आवश्यक दस्तावेजों के साथ आना होगा। उन्होंने बताया कि कृषकों को अनाज से मिट्टी, पत्थर, कचरा अवांछनीय पदार्थ को साफ करके ही खरीदी केन्द्र लाना होगा।

## 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के सबंध में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत 7 दिसंबर से 24 मार्च 2025 तक चार चरणों में संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. संजीव ग्लेड ने बताया कि 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान में टीबी, कुष्ठ शंकाप्रद एवं उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन करना, वयोवृध्द स्वास्थ्य परीक्षण व देखभाल, कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में जिला चिकित्सालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## शिक्षक कला अकादमी ने आयोजित किया मया पिरीत गीत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने कला व संस्कृति के संर्वधन व विलुप्त हो रहे छत्तीसगढ़ी गीतों को पुनः स्मरण करने छत्तीसगढ़ी भूले बिसरे गीत मया पिरीत/" का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान के उपस्थित व टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली सक्ती की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना मंजूलता मेरसा कृष्णा मानसी व राजगीत नैना साहनी ने प्रस्तुत कर किया। डॉ.शिवनारायण देवांगन ने कहा शिकसा भूले बिसरे गीतों के संर्वधन करने निरंतर कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे हैं। इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षक शामिल होकर अपनी प्रतिभा को पहचान दे सकते हैं। प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ. बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर व कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने शिकसा व कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीकाराम सारथी हसमुख ने समीक्षा करते हुए अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मदनलाल तोमर,चन्द्रकला शर्मा, शशिकला पाण्डेय, विंध्यवासिनी पांडे, डॉ. प्रमोद आदित्य, रामलाल कोसले, हेमा चन्द्रवंशी, रेखा पात्रे, सुमनलता साहू, मोहित कुमार शर्मा, शिवकुमार अंगारे, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, रामकुमार पटेल, तारा बन्छोर, निशा गुप्ता चौधरी, श्यामलाल कोर्राम, सावित्री शराफ, किरण शर्मा, हरमन कुमार बघेल आदि ने गीत प्रस्तुत किया।




## भाजपा सदस्य ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में भाजपा कार्यकर्ता आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में निरीक्षण करने पहुंचे, जिसमें किसानों को पर्याप्त मात्रा में बारदाना की उपलब्धता, समर्थन मूल्य में धान की खरीदी जानकारी व भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी व सभी सुविधा का लाभ मिल रहा है कि नहीं,इसकी जानकारी ली। इस अवसर पर सोसाइटी अध्यक्ष निरंजन पड़ौती, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश सिन्हा, पाल सिंग यादव, डोमार सिंह नायक, ग्राम पटेल फगुआ राम निषाद, संतोष गुप्ता, दुष्यंत, सागर, प्रदीप सोनी, दुर्जन साहू, नेमन साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व किसान उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम सुर्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभाष सिंह आ. लखनलाल जाति गोंड ग्राम भानपुरी तहसील गुरूर जिला बालोद द्वारा ग्राम सुर्रा प.ह.नं. 17 तहसील गुरूर जिला बालोद में ख.नं. 939/2, 939/6 रकबा 0.18, 0.45- कुल ख0नं0 02 कुल रकबा 0.63 हे० लगान 2.70 रू0 की भूमि आवेदक के शामिल नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु बी-1, चालान, एफ.आई.आर., नो-डयूज की प्रति सहमति पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09/12/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया ।


मुहर

तहसीलदार
गुरूर, जिला बालोद




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**बालोद।** भारतीय संविधान के शिल्पी और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर अधिकारी–कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा सहित संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### चुनाव प्रभारी बने अश्वनी

**गुण्डरदेही।** भाठागांव आर शक्तिकेंद्र अंतर्गत ग्राम भाठागांव आर में भारतीय जनता पार्टी के विस्तार के लिए विगत दिनों बुथ समिति का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से चुनाव प्रभारी अश्वनी यादव एवं बूथ के कार्यकर्ता लेखराम साहू, योगेश शर्मा, केके साहू, लक्ष्मीकांत साहू, स्वप्निल शर्मा, भगवान कतलम, पूर्व बूथ अध्यक्ष भास्कर वर्मा, मया देवांगन, नेतराम साहू, पप्पू कतलम, राज आर्यन रात्रे, यश कुमार सेन एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कौशल किशोर साहू को बुथ अध्यक्ष, सचिव चित्रकान्त कतलम को बनाए गए एवं अन्य कार्यकर्ताओं को भी बूथ विस्तार के लिए दायित्व सौंपा गया।

### स्कूल परिसर में बनेगा मंदिर, भूमिपूजन हुआ



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रेंगनी में संयुक्त रूप से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना हेतु मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों ने भूमिपूजन किया। माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रहे जीवन लाल नायक ने अपने सेवानिवृत्त होने पर शाला को मां सरस्वती की मूर्ति देने की घोषणा की थी, जिसे कार्य रूप देने शिक्षकों के साथ ग्रामीणजन भी एकजुट होकर सबके सहयोग से इस कार्य की शुरुआत मंदिर निर्माण के भूमिपूजन के साथ कर दिए हैं। बसंत पंचमी को मूर्ति स्थापना की बात कही गई है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वय कुंडेश्वर तारम, उल्फ़ी साहू, घनश्याम कोठारी, किसुन राणा,पंचूराम साहू, चैन सिंह भुआर्य, लक्ष्मण चौरका, रामाधार खरे, खोरबहरा राम बावरे, छगन ओरेंद्र, बासन बाई, हेमलता विश्वकर्मा के साथ शिक्षकगण संतोष देशमुख, रमेश साहू, शैलेन्द्र सोनवानी, मूलचंद पटेल, के रामटेके, प्रदीप साहू, उमेश पटेल के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

---

मिलर्स ने प्रबंध संचालक राज्य सहकारी विपणन संघ रायपुर के नाम डीएमओ को सौंपा ज्ञापन

# राइस मिलरों की कस्टम मिलिंग नीति का विरोध जारी, किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के राइस मिलर्स ने जिला विपणन अधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मिलर्स कस्टम मिलिंग में वर्तमान सरकार द्वारा मिलिंग दर आधी करने कस्टम मिलिंग में किए गए विभिन्न प्रावधानों का विरोध कर रहे थे। शासन की कस्टम मिलिंग पॉलिसी के विरोध में राइस मिलर काला कपड़ा पहनकर एवं काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

प्रदेश भर के राइस मिलर्स अपनी मांगों को लेकर जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के 150 राइस मिलर्स ने प्रदेश सरकार की कस्टम मिलिंग की वर्तमान नीति का विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया। मिलर्स ने प्रबंध संचालक छ.ग राज्य सहकारी विपणन संघ रायपुर के नाम डीएमओ को ज्ञापन सौंपा।

**मिलर्स पर लगाया जा रहा जुर्माना:** धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से मिलर्स लगातार अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज करा रहे हैं, राइस मिलरों ने कहा हम कस्टम मिलिंग कार्य करने में असमर्थ है, क्योंकि पिछले तीन वर्षों का विभिन्न मदों का कष्टम मिलिंग का बिल का भुगतान बकाया है, जिसके कारण मिलर्स को कार्य करने में कठिनाई आ रही है।

संघ ने कहा खरीफ वर्ष 2024–25 में शासन ने कस्टम मिलिंग का दर 60 रुपए कर दिया गया है, जबकि बीते सत्र तक 120 रुपए था। धान उठाव व चावल जमा करने पर जुर्माना लगाया जा रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है, बीते तीन वर्षों का बारदाना बिल में त्रुटि के बारदाना का भुगतान नहीं मिल रहा है। एसोसिएशन ने कहा 2024–25 का कस्टम मिलिंग पॉलिसी में कई विरोधाभास है, जिसके कारण मिलिंग कार्य करना संभव नहीं है। जिले में राइस मिलरों द्वारा मिलिंग नहीं करने के कारण दो साल बाद संग्रहण केन्द्रों में धान का भण्डारण किया जा रहा है, वहीं समितियों में वर्तमान में 21 लाख क्विंटल से अधिक धान रखा हुआ है जो समितियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है।




### पिछले वर्ष कस्टम मिलिंग दर की पूरी राशि नहीं मिली

प्रदेश राइस मिलर्स संघ एवं जिला राइस मिलर्स संघ के संरक्षक मोहन भाई पटेल ने बताया जिले के 137 राइस मिलर्स का कस्टम मिलिंग दर का भुगतान 2022–23 का आधा प्राप्त हुआ है, दो साल से आधी राशि के लिए भटक रहे हैं, वहीं 2023–24 मिलिंग की पूरी राशि बकाया है। जिले के 137 मिलर्स का लगभग 150 करोड़ रूपये का भुगतान बकाया है। मोहन पटेल ने बताया कि राज्य सरकार की नई पेनाल्टी नीति स्वीकार्य नहीं है, हम लगातार अपनी समस्या बता रहे हैं, आवाज उठा रहे हैं, लेकिन आश्वासन के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला है। आदोलन के दौरान मोहन भाई पटेल, प्रदीप राखेचा, दिलीप सांखला, प्रकाश भसाली, रतन नाहटा, विजय मिश्रा, हेमल यादव, तरुण नाहटा, धर्मेंद्र जैन, प्रदीप जैन, अकाश, नीलेश नाहटा, अशवनी चंद्राकर, दिलीप पटेल, अनिल जैन, चंद्रेश नाहटा, राकेश नाहटा सहित राइस मिलर्स उपस्थित थे।

---

# विधायक को स्कूल में नशा सेवन किया मिला शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पूर्व माध्यमिक शाला मोखा में शिक्षक दशरथ श्याम रोज शराब पीकर स्कूल आते हैं कि शिकायत पर विधायक संगीता सिन्हा स्कूल में जांच करने पहुंचीं।

- विधायक संगीता ने उच्च स्तर पर की शिकायत, लेकिन नहीं हुई कार्रवाई

जब संगीता सिन्हा स्कूल पहुंचीं तब भी दशरथ श्याम शराब के नशे में मिला। विधायक द्वारा जानकारी देने के बाद भी शिक्षा विभाग सुस्त गति से कार्य करता रहा एवं इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की। संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा सरकार में कर्मचारी पूरी तरह निरंकुश हो गए हैं, उन पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। पूर्व माध्यमिक शाला मोखा में पदस्थ शिक्षक दशरथ श्याम के रोज शराब पीकर स्कूल आने की शिकांयत मिल रही थी, मै जब सकूल पहुंचीं तब भी शिक्षक दशरथ श्याम शराब के नशे में था। संगीता सिन्हा ने बताया निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि उक्त शिक्षक शराब की बाटल लेकर स्कूल पहुंचता है एवं बच्चों के सामने ही शराब का सेवन करता है। संगीता सिन्हा ने बताया उन्होंने मामले की जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारी को दी, लेकिन आरोप है कि शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई नहीं की, न ही शिक्षक का मेडिकल जांच कराया, शिक्षा विभाग द्वारा उसे संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

मामले में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने कहा मैं अभी बाहर हूं, मामले में क्या स्थिति है देखकर ही बता सकता हूं।

---

## अरजपुरी में मड़ई मेला 15 को...



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम अरजपुरी की मड़ई 15 दिसंबर को रखी गई है। ग्राम के पंकज जैन ने बताया कि हमारे राज्य के मड़ई का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। छत्तीसगढ़ी लोक कला और संस्कृति से जुड़ी नाचा गम्मत का प्रमुख कार्यक्रम हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति का प्रतीक है। ग्राम अरजपुरी के मड़ई मेले के प्रमुख उत्सव में हमारी संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने रात्रिकालीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें अपनी कला को बिखेरने ग्राम अरजपुरी में मोर मयारु बेटा नाच पार्टी भटगांव (बी) बालोद एवं ग्राम खैरकट्टा में नवा किरण नाच पार्टी भंडारपुर बड़े साज (डोंगरगढ़) का कार्यक्रम रखा गया है।

---

कहा किसानों को धान की राशि एक मुश्त भुगतान किया जाए

# युकां ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय गुण्डरदेही का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

युवा कांग्रेस द्वारा 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय गुण्डरदेही का घेराव किया गया। जहां तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा एवं मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

युवा कांग्रेस ने मांगपत्र में कहा जिसमें किसानों को एक मुश्त 31 सौ रुपए का भुगतान किया जाए, बढ़ते अपराध की रोकथाम, स्थानीय फैक्ट्रीयों और कारखानों में स्थानियो को नौकरी, नशाखोरी के विरुद्ध कार्रवाही, राजीव युवा मितान एवं गौठान परियोजना को चालू किया जाए। रिजवान तिगाला ने बताया कि



भाजपा सरकार मे युवा, किसान व आमजन बेहाल है, पुर्व कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को बंद किए जाने से जनता मे आक्रोश है, किसानो को प्रति क्विंटल 2300 सौ रुपए दिया जा रहा है जबकि 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा किया था। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकश शर्मा के निर्देशन मे शुक्रवार को विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अनुभव शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रशांत बोकाड़े, विधानसभा अध्यक्ष अनुभव शर्मा, जिला महासचिव गुलशन चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भोजराज साहू, संजय साहू, केके राजू चंद्राकर, चुकेश्वर साहू, सुनील चंद्राकर, अशोक देवांगन, तरुण पारकर, पवन सिन्हा, रिजवान तिगाला, अभिषेक यादव, उस्मान रजा, आदित्य साहू, नरेंद्र साहू, आकाश सिंहा, नोवेल दीप, दीपेश, रत्नेश, अजय राजपूत, पंकज, बबलू भक्त, कुलेश्वर तिवारी, मनीष सेन, चित्रंश गेंड्रे, भरत देवांगन, महेश ठाकुर, भोपेंद्र साहू, वैभव माधवानी, कौशिक साहू, मोजी राम साहू, गोविंद्र चंद्राकर, लवकेश यदु, प्रकाश देवांगन, सुरेंद्र सिन्हा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# लोमेश मण्डावी का नायब तहसीलदार पद पर चयन होने पर हर्ष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नव गठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के वनांचल के ग्राम कोलाटोला 'पेंदाकोड़ो' निवासी लोमेश मण्डावी के छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के अंतर्गत नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने पर संपूर्ण वनाचंल में हर्ष व्याप्त है।

विदित हो कि लोमेश मण्डावी अपने प्रथम प्रयास में ही 22 साल की उम्र में इस पद पर चयनित हुए हैं। लोमेश मण्डावी के पिता विनोद मण्डावी वर्तमान में जिले में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है। उल्लेखनीय है कि आस से कुछ वर्ष



पहले तक ग्राम टोला की पहचान वनांचल के दुर्गम, अत्यंत पिछड़ा एवं पहुंचविहीन गांव के रूप में था। आज भी ग्राम कोलाटोला घनघोर जंगलों एवं पहाड़ों से घिरा हुआ है। उनके पिता मनोज मण्डावी अपने गांवों में पहले मेट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले तथा शासकीय सेवा में चयनित होने वाले व्यक्ति थे। उनके पिता भी घोर गरीबी और विपरित आर्थिक हालातों का सामना करते हुए बचपने में अपने माता के निधन होने के उपरांत भी शिक्षा अर्जन कर शिक्षक के पद पर चयनित हुए थे। अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए लोमेश मण्डावी ने भी कठिन परिश्रम एवं लगन से आज प्रथम प्रयास में ही इस मुकाम को हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि उनकी माता पूनीता मण्डावी, नाना पंचम परतेती सहित गोण्डवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, संरक्षक हीरेसिंह घावड़े, सुरेश दुग्गा, गोंविद टेकाम, जगत सलामे, तुकाराम कोर्राम, डीआर आचला, तिलक सोरी, चंद्रेश ठाकुर, तुलसीराम मरकाम, अंगद सलामे, लखन सोरी, कुमार कोरेटी, पुरूषोत्तम मण्डावी, अरविंद गोटे, संत कुमार नेताम, चेतन भुआर्य, मन्ने सिंह मण्डावी, शिव कलामे, जागेश्वरी मण्डावी, भूपेन्द्र मण्डावी पीआर नायक सहित सभी समाज प्रमुखों अंचल के लोगों ने हर्श व्यक्त किया।

---

# तेंदूपत्ता संग्रहण दर में बढ़ोतरी से संग्राहक हुए खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के वनांचल में तेन्दूपत्ता को हरा सोना माना गया है, जो कि वनांचल के तेन्दूपत्ता संग्राहकों की आय का प्रमुख स्त्रोत भी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में तेंदूपत्ता संग्राहकों के आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने तथा उनकी आमदनी में बढ़ोतरी करने तेंदूपत्ता संग्रहण का पारिश्रमिक दर 4000 रूपये मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपये प्रति मानक बोरा किया है, जिसका लाभ तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रहा है। इससे वनांचल में रहने वाले तेन्दूपत्ता संग्राहकों में काफी खुशी है। बालोद जिले के डौण्डी

- प्रदेश सरकार के प्रति जताया आभार



विकासखण्ड के ग्राम सल्हाईटोला की रेखा भूआर्य ने बताया कि वह खेती–किसानी मजदूरी के साथ ही तेन्दूपत्ता सीजन में तेन्दूपत्ता संग्रहण का काम भी करती है। उसने बताया कि गर्मी के दिनों में तेन्दूपत्ता तोड़ाई और उसका बंडल बनाने में काफी समय और मेहनत लगती है, जिसके पश्चात उसे खरीदी केन्द्र भी ले जाना पड़ता है। पहले हमारी इस मेहनत का हमें 4000 रूपये प्रति मानक बोरा के मान से राशि का भुगतान होता था। रेखा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने हमारे जैसे तेन्दूपत्ता संग्राहकों की मेहनत को महत्व देते हुए तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक राशि को 4000 रूपये से बढ़ाकर 5500 रूपये प्रति मानक बोरा किया है। रेखा भूआर्य ने बताया कि अब 5500 रूपये प्रति मानक बोरा की दर से राशि मिलने पर हम अपने बच्चों के बेहतर पढ़ाई लिखाई, घर की जरूरतों को पूरा करने तथा अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहे हैं। उसने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हम वनांचल के रहवासियों की मेहनत को सम्मानित किया है। इसके लिए हम उनका बहुत–बहुत आभार व्यक्त करते हैं।

---

### गीता जयंती में शामिल होने भाजपा सदस्य को समाज ने दिया न्यौता



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में कोसरिया राउत यादव समाज की सामाजिक परंपरा का निर्वहन करते हुए सामाजिक बंधुओं द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी अभिषेक शुक्ला को 11 दिसंबर गीता जयंती महापर्व में आने का निमंत्रण दिया। इसमें यादव समाज के अध्यक्ष लखन लाल यादव, सर्किल सुरेगांव महेश यादव, हीराराम यादव, जैन कुमार यादव, भाजपा बूथ अध्यक्ष रोमन लाल साहू उपस्थित थे।

---

# छात्रावास में बची हुई सीटों को जल्द भरे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के सभी छात्रावास एवं आश्रमों में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करें।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत कार्यरत छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने वर्ष 2024–25 में छात्रवास एवं आश्रमों के छात्र–छात्राओं के प्रवेश, दर्ज बच्चों की संख्या आदि की जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षकों से छात्रावासों में शेष रह गए रिक्त सीटों को पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने छात्रवास में छात्र–छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता तथा भोजन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल ने छात्रावास अधीक्षकों को छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे उपाय के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने छात्रावास में पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ खेल–कूद, गार्डनिंग, छात्रावास में स्वच्छता बनाए रखने आदि गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने छात्रावास अधीक्षकों से शिष्यवृत्ति का ऑनलाइन भुगतान की वर्तमान स्थिति, सत्र 2024–25 में खाद्यान्न के आबंटन से उठाव की जानकारी, अभिलेखों का पूर्ण संधारण, कन्या छात्रावास एवं आश्रमों की विशेष निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे एवं महिला होमगार्ड के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने सहायक आयुक्त एवं नोडल अधिकारियों को समय–समय पर छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के भी निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय चंदेल सहित छात्रावास अधीक्षकों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव